पहले गुड़ महोत्सव का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आयोजित गुड़ महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान ने किया। प्रदेश सरकार की एक जनपद- एक उत्पाद योजना में आयोजित गुड़ महोत्सव में गुड़ और उससे बने खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। बड़ी संख्या में शहर के उद्यमियों ने इस महोत्सव में भाग लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और भाजपा विधायक कपिलदेव अग्रवाल, उमेश मलिक, प्रमोद ऊंटवाल एवं विजय कश्यप ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गुड़ महोत्सव का शुभारंभ किया। ब्यूरो

Amar Ujala, Lucknow, 9 June 2019